Mid Day Meal Scheme

# मध्यान्ह भोजन प्राधिकरण, उ0प्र0

तृतीय तल, अपट्रान भवन, गोमती नगर, लखनऊ

फैक्स नं0–0522–6666171
फोन नं0–0522–2308502

ई मेल–lkomdm@gmail.com
Website : www.upmdm.org

पत्रांक : म0भो0प्रा0 / C-3327 / 2015–16 दिनाँक : 26/06/2015

सेवा में,

समस्त जिलाधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

**विषयः मध्यान्ह भोजन योजनान्तर्गत छात्रों को सप्ताह में एक दिवस 200 मि0ली0 दूध उपलब्ध कराये जाने एवं वर्तमान मेन्यू में संशोधन किये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आप अवगत हैं कि शासनादेश संख्याः 577 / 79–6–2015 दि0: 24 जून, 2015 द्वारा प्रत्येक बुद्धवार को छात्रों को 200 मि0ली0 दूध उपलब्ध कराये जाने के साथ–साथ मध्यान्ह भोजन योजनान्तर्गत वर्तमान में निर्धारित मेन्यू में कतिपय संशोधन किये गये है, जो नवीन शैक्षिक सत्र में दिनांकः 15 जुलाई, 2015 से प्रभावी होंगे। अतएव आपसे अपेक्षित है कि नियत तिथि से उक्त के क्रियान्वयन हेतु समुचित कार्ययोजना बना लें। समयबद्ध क्रियान्वयन हेतु अन्य बातों के साथ–साथ निम्न मार्गदर्शी बिन्दुओं पर समुचित कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करें:–

- दिनांकः 01 जुलाई को शैक्षिक सत्र प्रारम्भ होते ही अध्यापकों द्वारा ग्राम / वार्ड शिक्षा समिति एवं विद्यालय प्रबंधन समिति की संयुक्त बैठक आहूत कर लिया जाये। बैठक में समिति के सदस्यों से छात्रों को दूध उपलब्ध कराये जाने के संबंध में विचार–विमर्श कर स्थानीय / विद्यालय स्तरीय आपूर्ति व्यवस्था सुनिश्चित की ली जाये। इस संबंध में छात्रों को भी भली–भॉति अवगत करा दिया जाये कि प्रत्येक बुद्धवार को उनको 200 मि0ली0 दूध उपलब्ध कराया जायेगा।
- शीतलीकरण की व्यवस्था के अभाव में दूध प्राप्त होते ही उबालकर छात्रों को वितरित किया जाये।
- मध्यान्ह भोजन योजनान्तर्गत कार्यरत स्वयं सेवी संस्थाओं द्वारा भी प्रत्येक बुद्धवार को 200 मि0ली0 प्रति छात्र के अनुसार उबला हुआ गरम दूध मध्यान्ह भोजन के साथ विद्यालयों मे उपलब्ध कराया जायेगा।
- मध्यान्ह भोजन योजनान्तर्गत अन्य खाद्य सामग्रियों यथा– दाल, सब्जी, तेल एवं मसाले की भॉति ही परिवर्तन लागत से स्थानीय स्तर पर दूध क्रय कर रसोइयों द्वारा उसे उबाल कर छात्रों को उपलब्ध कराया जाना होगा।
- नवीन मेन्यू में बुद्धवार को मध्यान्ह भोजन के साथ दूध वितरित किया जाना निर्धारित किया गया है। यदि बुद्धवार को विद्यालय में कोई सार्वजनिक अवकाश घोषित होता है तो अगले विद्यालय दिवस में दूध दिया जाना होगा तथा तदनुसार उसका अंकन भी मध्यान्ह भोजन पंजिका में किया जाना होगा।
- संशोधित नवीन मेन्यू को विद्यालय की दीवार पर पूर्व की भॉति ही पेन्ट कराया जाये, जिसका विस्तृत विवरण निम्नवत् है:–

| मिड–डे मील योजना साप्ताहिक आहार तालिका (मेनू) | | | | |
|---|---|---|---|---|
| दिन | नवीन मेनू | व्यंजन का प्रकार | 100 बच्चों हेतु वांछित सामग्री (प्राथमिक स्तर हेतु) | 100 बच्चों हेतु वांछित सामग्री (उच्च प्राथमिक स्तर हेतु) |
| सोमवार | रोटी–सब्जी जिसमें सोयाबीन अथवा दाल की बड़ी का प्रयोग | गेंहू की रोटी एवं दाल/सोयाबीन की बड़ी युक्त सब्जी (सब्जी में मौसमी सब्जी का प्रयोग) | आटा 10 किग्रा0 सोयाबीन अथवा दाल की बड़ी 1 कि0ग्रा0 तथा सब्जी 5 किग्रा0, तेल/घी 500ग्राम | आटा 15 किग्रा0 सोयाबीन अथवा दाल की बड़ी 1.5 कि0ग्रा0 तथा सब्जी 7.5 किग्रा0 तेल/घी 750 ग्राम |
| मंगलवार | चावल सब्जी युक्त दाल अथवा चावल साम्भर | चावल एवं सब्जी (मौसमी सब्जी मिश्रित दाल, अरहर की दाल) | दाल 2 किग्रा0, चावल 10 किग्रा0, सब्जी 5 किग्रा0 तेल/घी 500 ग्राम | दाल 3 किग्रा0, चावल 15 किग्रा0, सब्जी 7.5 किग्रा0 तेल/घी 750 ग्राम |
| | | साम्भर मसाला एवं मौसमी सब्जी | दाल 2 किग्रा0, चावल 10 किग्रा0, सब्जी 5 किग्रा0, तेल, घी 500 ग्राम | दाल 3 किग्रा0, चावल 15 किग्रा0, सब्जी 7.5 किग्रा0 तेल/घी 750 ग्राम |
| बुधवार | कोफ्ता–चावल एवं 200 मि0ली0 दूध (उबला हुआ गरम दूध) | चावल, बेसन एवं लौकी का कोफ्ता मिश्रित रसेदार सब्जी एवं 200 मि0ली0 उबालकर गरम किया गया दूध | चावल 10 किग्रा0, बेसन 2 कि0ग्रा0 लौकी 5 कि0ग्रा0 तेल/घी 500 ग्राम एवं 20 लीटर दूध | चावल 15 किग्रा0, बेसन 3 कि0ग्रा0 लौकी 7.5 कि0ग्रा0 तेल/घी 750 ग्राम एवं 20 लीटर दूध |
| गुरूवार | रोटी–सब्जी युक्त दाल | गेंहूँ की रोटी एवं दाल, (दाल में मौसमी सब्जियों का स्वाद अनुसार मिश्रण) | आटा 10 किग्रा0, सब्जी मिश्रित दाल (5 कि0ग्रा0 सब्जी, 2 कि0ग्रा0 दाल) तेल/घी 500 ग्राम | आटा 15 किग्रा0, सब्जी मिश्रित दाल (7.5 कि0ग्रा0 सब्जी, 3 कि0ग्रा0 दाल) तेल/घी 750 ग्राम |
| शुक्रवार | तहरी जिसमें सोयाबीन की बड़ी का प्रयोग | चावल एवं सब्जी (आलू, सोयाबीन एवं समय पर उपलब्ध मौसमी सब्जियां) | चावल 10 किग्रा0, सब्जी 5 कि0ग्रा0 सोयाबीन की बड़ी 1 कि0ग्रा0 तेल/घी 500 ग्राम | चावल 15 किग्रा0, सब्जी 7.5 कि0ग्रा0 सोयाबीन की बड़ी 1.5 कि0ग्रा0 तेल/घी 750 ग्राम |
| शनिवार | चावल–सोयाबीन युक्त सब्जी | चावल एवं सोयाबीन तथा मसाले एवं ताजी सब्जियां | चावल 10 किग्रा0, सब्जी 5 कि0ग्रा0 सोयाबीन 1 किग्रा, तेल/घी 500 ग्राम | चावल 15 किग्रा0, सब्जी 7.5 कि0ग्रा0 सोयाबीन 1.5 किग्रा0, तेल/घी 750 ग्राम |
| **नोट : जहाँ पर सोयाबीन का प्रयोग हो वहाँ पर 100 छात्रों हेतु 1 किलो सोयाबीन प्राथमिक स्तर पर एवं 1.5 किलो सोयाबीन उच्च प्राथमिक स्तर हेतु प्रयोग करें। बुधवार को छात्रों को भोजन के साथ अनिवार्यतः उबला हुआ गरम दूध उपलब्ध कराया जाय।** | | | | |

- नवीन मेन्यू में सोमवार एवं बृहस्पतिवार को रोटी का अन्य कोई विकल्प नहीं है। अतएव यह सुनिश्चित कर लिया जाये कि रोटी पतली एवं पूर्ण रूप से पकी हो तथा प्रति छात्र निर्धारित मात्रा के अनुसार ही उपलब्ध करायी जाये।
- वर्तमान मेन्यू एवं नवीन मेन्यू की संशोधित तालिका सुलभ संदर्भ हेतु इस प्रकार है:–

| दिवस | वर्तमान मेन्यू | किया गया संशोधन | नवीन मेन्यू |
|---|---|---|---|
| **सोमवार** | रोटी–सब्जी जिसमें सोयाबीन अथवा दाल की बड़ी का प्रयोग अथवा दलिया | मेन्यू से दलिया का विकल्प हटाया गया। | रोटी–सब्जी जिसमें सोयाबीन अथवा दाल की बड़ी का प्रयोग |
| **मंगलवार** | चावल सब्जी युक्त दाल अथवा चावल साम्भर | – | चावल सब्जी युक्त दाल अथवा चावल साम्भर |
| **बुद्धवार** | कढ़ी चावल अथवा खीर | कढ़ी–चावल अथवा खीर को हटाया गया तथा इनके स्थान पर कोफ्ता–चावल निर्धारित। साथ ही 200 मि0ली उबला एवं गरम दूध सम्मिलित। | कोफ्ता–चावल एवं 200 मि0ली0 दूध (उबला हुआ) |
| **बृहस्पतिवार** | रोटी–सब्जी युक्त दाल अथवा दलिया | मेन्यू से दलिया का विकल्प हटाया गया। | रोटी–सब्जी युक्त दाल |
| **शुक्रवार** | तहरी जिसमें सोयाबीन की बड़ी का प्रयोग | – | तहरी जिसमें सोयाबीन की बड़ी का प्रयोग |
| **शनिवार** | चावल–सोयाबीन युक्त सब्जी अथवा खीर | मेन्यू से खीर का विकल्प हटाया गया। | चावल–सोयाबीन युक्त सब्जी |

आप अवगत हैं कि मध्यान्ह भोजन योजना अत्यन्त ही संवेदनशील योजना है तथा प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता के बिन्दुओं में शामिल है, **जिसके अन्तर्गत छात्रों को सप्ताह में एक दिवस 200 मि0ली0 दूध उपलब्ध कराया जाना एवं वर्तमान मेन्यू में संशोधन 15 जुलाई, 2015 से प्रभावी होना है**। यहाँ यह भी अवगत कराना समीचीन होगा कि **मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा दिनांकः 05 अगस्त, 2015 को प्रदेश के किसी भी विद्यालय में मध्यान्ह भोजन योजना का अवलोकन** किया जाना प्रस्तावित है।

अतः अनुरोध है कि उपरोक्तानुसार निर्देश प्रसारित कर नवीन मेन्यू के अनुसार जनपद स्तर पर इस हेतु समुचित कार्ययोजना बनाकर निर्धारित तिथि से क्रियान्वयन कराने का कष्ट करें।

भवदीय
26/6/15

**(कुंवर डी0बी0बी0 सिंह)**
प्रभारी निदेशक

<u>पृष्ठांकन व दिनांकः उक्तवत्।</u>

**प्रतिलिपि**: निम्नलिखित अधिकारियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः—

1. निदेशक, बेसिक शिक्षा, उ0प्र0।
2. समस्त मण्डलीय सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक), उ0प्र0।
3. समस्त जिला विद्यालय निरीक्षक, उ0प्र0।
4. समस्त जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, उ0प्र0।
5. समस्त वित्त एवं लेखाधिकारी, बेसिक शिक्षा, उ0प्र0।

**(कुंवर डी0बी0बी0 सिंह)**
प्रभारी निदेशक